**दिल्ली पब्लिक स्कूल जम्मू**

**सत्र-2025-26**

**कक्षा-पाँचवीं** **विषय-हिन्दी**

**उपविषय-अपठित गद्यांश, वर्ण विचार, शब्द रचना**

**प्र०१ निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

पर्यावरण वह सब कुछ है जो हमारे चारों ओर होता है - जैसे हवा, पानी, पेड़-पौधे, पशु-पक्षी और मिट्टी। यह हमें जीवन जीने के लिए आवश्यक सभी साधन प्रदान करता है। स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण में ही मनुष्य स्वस्थ और सुखी जीवन जी सकता है। पेड़-पौधे हमें न केवल ऑक्सीजन देते हैं, बल्कि छाया, फल और लकड़ी भी देते हैं। वे वातावरण को ठंडा और साफ रखते हैं । आजकल इंसान अपने लाभ के लिए पेड़ों को काट रहा है, जिससे पर्यावरण असंतुलित हो गया है। गाड़ियों से निकलने वाला धुआँ और कारखानों से फैलता कचरा जल और वायु को प्रदूषित करता है। हमें पर्यावरण की रक्षा के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए, पानी की बर्बादी रोकनी चाहिए और प्लास्टिक का उपयोग कम करना चाहिए। स्वच्छ पर्यावरण से ही हम आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित जीवन दे सकते हैं ।

**क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

i) पर्यावरण में कौन-कौन सी चीजें शामिल हैं?

ii) आजकल पर्यावरण क्यों असंतुलित हो रहा है?

**ख) निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिए-**

i) स्वच्छ- साथ,साफ़,सेहत

ii) प्रदूषित-अशुद्ध,पवित्र,हवा

**ग) सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

क) हमें पर्यावरण की रक्षा कैसे करनी चाहिए?

I) पेड़ लगाकर

ii) पेट काटकर

iii) प्लास्टिक के प्रयोग से

## व्याकरण

**प्र० २ निम्नलिखित संयुक्ताक्षरों से दो-दो शब्द बनाइए-**

क) न्य- _____,______

ख) च्छ- ______,______

**प्र० ३ चंद्राकार (ऑ) वाले दो शब्द लिखिए-**

क) ______

ख) ______

**प्र० ४ निम्नलिखित शब्दों के तत्भव रूप लिखिए-**

i) दंत - ______

ii) प्रथम - ______

**प्र० ५ निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखिए-**

**i)** घी - ______

**ii)** साँप- ______